हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 निर्माण कार्यों में सुरक्षा, समयबद्धता और...



07 कूपन के बाद भी नहीं मिला खाद फूटा किसानों का...



## खबर संक्षेप

### आज रहली में होगी जनसुनवाई

**सागर।** सागर जिले के रहली विकासखंड में 13 जनवरी को विशेष जनसुनवाई आयोजित की जाएगी जिसमें कलेक्टर श्री संदीप जी आर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक ले जाना है। आमतौर पर ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय के आना पड़ता है। रहली में इस शिविर के आयोजन का अर्थ है कि मौके पर ही शिकायतों की जांच कर उनका समाधान किया जाएगा। यहां वृद्ध, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर लोग जो जिला मुख्यालय नहीं जा सकते, वे अपने ही क्षेत्र में कलेक्टर से मिल सकेंगे। चूंकि कलेक्टर के साथ जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, इसलिए विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा। राजस्व विभाग के अंतर्गत सीमांकन, नामांतरण और पट्टा संबंधी मामले, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत पीएम आवास योजना, मनरेगा और गांव की बुनियादी सुविधाएं (सड़क, नाली), खाद्य विभाग के अंतर्गत राशन कार्ड, राशन वितरण आदि इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अंतर्गत पेयजल और नल-जल योजना से जुड़े कार्य, महिला एवं बाल विकास के तहत लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और आंगनवाड़ी से जुड़ी सेवाएं जैसे अन्य सभी प्रकार की जनसुनवाई मौके पर समाधान सहित होगी।

### 10वां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस समारोह का आयोजन 14 जनवरी को सागर में

**सागर।** पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के अद्वितीय योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से 10वां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस समारोह का आयोजन 14 जनवरी पूर्वान्ह 11 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में किया जा रहा है। इस अवसर पर देश की सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों के शौर्य, त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करने का प्रतीक होगा। जिला सैनिक कल्याण विभाग द्वारा समस्त पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से विनम्र निवेदन किया गया है ।

### ऐतिहासिक स्थल ऐरण में ऐरण महोत्सव का आयोजन 14 से 16 जनवरी तक

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जिला प्रशासन, सागर के सहयोग से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल ऐरण (बीना) में स्थित श्री नरसिम्हा मंदिर परिसर में ''ऐरण महोत्सव'' का आयोजन 14 से 16 जनवरी, 2026 तक किया जा रहा है। ऐरण के इतिहास, बुंदेलखण्ड की संस्कृति और परम्परा के साथ ही भारतीय संस्कारों पर केन्द्रित इस तीन दिवसीय महोत्सव में लोकनृत्य-गायन, सुगम संगीत, नाट्य मंचन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 5 बजे से प्रारंभ होगा। संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि बीना नदी के किनारे पर बसे ऐरण नगर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। इस स्थान पर पहली बार संस्कृति विभाग द्वारा ऐरण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले दिवस 14 जनवरी को श्री गोविंद राजपूत एवं साथी, गंजबसौदा द्वारा राई नृत्य, श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य, दीपशिखा मंच के कलाकारों द्वारा ''हरदौल'' नाटक एवं सुविख्यात भजन गायिका सुश्री शहनाज अख्तर, बरघाट द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति होगी। महोत्सव में दूसरे दिन को सुश्री नीलम तिवारी एवं साथी, छतरपुर द्वारा बुंदेली लोकगायन, नवधा कथकालय, भोपाल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## डरो मत, साहस के साथ आगे बढ़ो जब तक हमारा लक्ष्य हासिल न हो तब तक आगे बढ़ते रहो

# योग से आत्मविश्वास, आत्मशक्ति, स्फूर्ति बढ़ती है: मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बड़ी प्रसन्नता का विषय है सारे प्रदेश में और सारे देश में आज हम युवा शक्ति, युवा साहस के प्रतीक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मना रहे हैं और आज योग दिवस के रूप में हम सब यहां इस खेल प्रांगण में पीटीसी ग्राउंड पर बैठे हम सब जानते हैं स्वामी विवेकानंद जी केवल एक संत नहीं थे बल्कि वह युवाओं के विचार साहस और आत्मविश्वास के प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा कहा डरो मत, साहस के साथ आगे बढ़ो जब तक हमारा लक्ष्य हासिल न हो तब तक आगे बढ़ते रहो, आज इस सिद्धांत लेकर जो युवा आगे चल रहे हैं वह अपने लक्ष्य को हासिल भी कर रहे हैं और उनमें आत्मविश्वास की भरपूर शक्ति भी प्रतीत होती है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज युवा दिवस के अवसर पर पीटीसी मैदान में योग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री राजपूत ने कहा कि आज हम सब लोग स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर एक संकल्प लें कि हम डर नहीं साहस के साथ चलेंगे, निराश नहीं आत्मविश्वास अपनाएंगे और अपने कर्मों से एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे। आज योग दिवस है। हम देखते हैं जो सूर्य नमस्कार हम लोग कर रहे हैं यह सूर्य नमस्कार सूर्य केवल एक तारा नहीं है हम सबके लिए शक्ति, साहस, का स्रोत है। सूर्य के प्रकाश से हमारे शरीर को विटामिन डी की प्राप्ति होती है जिससे हमारा शरीर मजबूत और स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में बहुत व्यस्तताएं होती हैं हर आदमी कहीं ना कहीं व्यस्त है पर अगर वह थोड़ा सा भी समय सूर्य नमस्कार को देता है तो सूर्य नमस्कार एक ऐसी प्रक्रिया है कि बहुत कम समय में हम प्राणायाम के द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते। जब हम बीमार होते हैं जब कभी तनाव होता है तब हमें ऐसा लगता है कि हम डॉक्टर के पास जाएं लेकिन आज के जमाने में हम देखते हैं कि डॉक्टर भी कहता है कि आप थोड़ा समय अपने अन्य काम के अलावा शरीर को भी दें चाहे पैदल चले, खेल खेले, योग करें और कुछ नहीं कर पा रहे हो तो सबसे सीधा सरल साधन है सूर्य नमस्कार जो आपके घर में छोटी सी जगह में बहुत बड़ी जगह नहीं चाहिए बहुत बड़ा बगीचा नहीं चाहिए कोई खेलने के लिए ग्राउंड होनी चाहिए हम अपने छोटी से घर में भी इस प्राणायाम को कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज हम सब यह योग करने बैठे हुए हैं और में आशा करता हु कि हम सब आगे भी ऐसे योग करते रहेंगे और एक स्वस्थ भारत का निर्माण करेंगे।

इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, श्याम तिवारी, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, एसडीएम अमन मिश्रा, संयुक्त संचालक शिक्षा एसपीएन बिसेन, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन आम नागरिक मौजूद थे।




## कलेक्टर ने किया जैविक/प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों के खेतों का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर सागर संदीप जी आर के द्वारा जिले में लगातार कृषकों से जैविक/प्राकृतिक खेती करने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा केसली के ग्राम नयानगर में जैविक, प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों के खेतों का अवलोकन किया गया। प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक मिहीलाल अहिरवार के खेत की गेहूं की फसल को देखा एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया। परियोजना संचालक आत्मा श्री मुकेश कुमार प्रजापति द्वारा बतलाया गया कि कृषकों को ग्रीष्म कालीन मूंग के स्थान पर तिल, मूंगफली, सोयाबीन बोने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य प्रसंस्करण इकाई सिंघई ऑयल मिल का अवलोकन किया जिसमें प्राकृतिक तौर पर तैयार किए जा रहे तिल, मूंगफली तेल की गुणवत्ता की जानकारी ली।





## पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा में स्वास्थ्य शिविर, रक्त परीक्षण तथा योग पर कार्यक्रम आयोजित

**गढाकोटा।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में सेवा पखवाड़ा का समापन समारोह गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सूर्य नमस्कार एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा रक्त परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय चिकित्सालय गढ़ाकोटा के सौजन्य से तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़ाकोटा के विशेष सहयोग किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तथा लगभग 150 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त परीक्षण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश सिंघई थे,विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रियंका ब्राह्मण कार्यक्रम में सम्मिलित रहीं। इस अवसर पर डॉ.अजय उपाध्याय, किशन अनुरागी, गोविंद अहिरवार, सुश्री सीता दुबे, दीपेंद्र देव विश्वकर्मा एवं हीरालाल प्रजापति मेडिकल स्टाफ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिविल हॉस्पिटल गढ़ाकोटा के चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित योग एवं व्यायाम के महत्व से अवगत कराया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था प्रमुख डॉ. घनश्याम भारती ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की। शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा वर्ग को शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक रूप से सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अनुशासित जीवन जीने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा सकारात्मक सोच को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# महिला जैन मिलन गढ़ाकोटा के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढाकोटा



पहला सुख निरोगी काया के संदेश के साथ एवं परहित सरस धर्म नहीं भाई की भावना से महिला जैन मिलन गढ़ाकोटा एवं अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी विकास समिति गढ़ाकोटा के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन गुप्ति धाम चौधरी जैन मंदिर गढ़ाकोटा में किया गया। जिसमें सेल्वी हॉस्पिटल जबलपुर से डॉक्टर विकास सावला डॉक्टर पीयूष जैन सागर, डॉ अंजलि जैन (बी डी एस मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सुयश जैन ,डॉक्टर साक्षी जैन (गाइनेको लॉजिस्ट एवं महिला रोगविशेषज्ञ), डॉक्टर संतोष जैन आयुर्वेदिक शासकीय चिकित्सक गढ़ाकोटा), ने अपनी सेवाएं प्रदान कर करीब 350 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस संदर्भ में मुख्य अतिथि शिल्पी भार्गव ने आयोजित शिविर के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं एवं भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा की इस प्रकार के शिविर से ऐसे लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल जाता है जो बाहर जाकर अपना परीक्षण नहीं करा सकते। सभी चिकित्सक वर्ग ने भी महिला जैन मिलन गढ़ाकोटा के इस शिविर के आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। सेल्वी हॉस्पिटल जबलपुर से डॉक्टर विकास सावला ने कहा कि हम आज यहां यह बताने आए हैं कि आप अपनी जीवन शैली को सुधार कर किस प्रकार से अपने आप को बीमारी से बचा सकते हैं। और आगे भी इस प्रकार के आयोजन को करने की बात कही।

शिविर की शुरुआत में भगवान पार्श्वनाथ के चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन सभी मुख्य अतिथि एवं चिकित्सक वर्ग के द्वारा किया गया एवं साथ में समाज के अध्यक्ष विमल चौधरी, महेंद्र सेठ, आदेश सेठ, उपाध्यक्ष प्रवीण सिंघई एवं महिला मिलन की क्षेत्रीय चेयरपर्सन मंजू सेठ एवं अध्यक्ष संगीता चौधरी, उपाध्यक्ष सुलोचना सेठ एवं ममता सिंघई रहीं। इसके पश्चात सभी ने मिलकर महावीर वंदना की। मिलन की सभी बहनों के द्वारा मुख्य अतिथि, चिकित्सक वर्ग एवं समाज के अध्यक्ष, मंत्री का सम्मान तिलक ,अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह के द्वारा किया गया। शिविर के आयोजन में समाज अध्यक्ष विमल चौधरी, आदेश सेठ, संजय चौधरी, मनीष कंप्यूटर, प्रियंक जैन का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में महिला मिलन की सभी वीरांगना निधि सेठ, क्षेत्रीय संयोजीका किरण शाह, कोषाध्यक्ष सारिका जैन, मंत्री अभिलाषा जैन, सहसचिव अंशु जैन भक्तामर सचिव रश्मि जैन, पवन सेठ, अनुराधा शाह, राखी जैन अंजना जैन, साधना जैन मनी मलैया,सभी वीरांगनाओं ने एकजुट होकर सभी कार्यों में अपनी सह भागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। शिविर के समापन में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष संगीता चौधरी ने किया एवं पूरे कार्यक्रम को एक सूत्र में बांधने एवं संचालन वीरांगना अर्चना सेठ ने किया।

## मानसिक स्वास्थ्य पर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स (डीटीएफ) की कलेक्टर ने की समीक्षा

# महाविद्यालयों व कोचिंग संस्थानों में काउंसलर्स और मेंटर्स द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के लिए सघन प्रयास किए जाएं: कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति के रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने राष्ट्रीय टास्क फोर्स (एनटीएफ) का गठन एवं व्यापक उपायों की आवश्यकता को देखते हुए जिला स्तरीय टास्क फोर्स (डीटीएफ) की कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने जिले की समस्त शिक्षण संस्थाओं,कोचिंग इंस्टीट्यूट का डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स में अतिशीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने एवं मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने हेतु आदेशित किया।



डीटीएफ की सचिव एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से सागर जिले की विभिन्न महाविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी की गई गाइडलाइन पालन हेतु किया जा रहे प्रयासों को प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि एआईएसएचई अंतर्गत सभी शिक्षण संस्थानों के सभी हितधारकों (शिक्षण संसथान, विद्यार्थी, फेकल्टी मेम्बर, अभिभावक, मानसिक स्वास्थ्य प्रदाता एवं नागरिकों) एनटीएफ द्वारा तैयार पोर्टल पर सर्वे में भाग लिया गया है। अग्रणी महाविद्यालय द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर सागर जिले के महा विद्यालय के फैकल्टी मेंबर्स का उन्मुखीकरण कार्यक्रम तथा छात्रों को विभिन्न मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये गये है। साथ ही उन्होंने सागर के विभिन्न अन्य महाविद्यालय में छात्रों की मानसिक समस्याओं के निदान हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स के प्रदर्शन आंतरिक शिकायत समिति की स्थापना तथा मानसिक समस्याओं पर छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए काउंसलर्स की नियुक्ति की प्रक्रिया से अवगत कराया।

डीटीएफ की बैठक में कलेक्टर महोदय ने गाइडलाइंस के अनुसार जिले की शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा और रोकथाम के उपाय लागू किए जाने और सभी संस्थानों को छात्रों की मानसिक समस्याओं से संबंधित शिकायतों की जानकारी लेने हेतु शिकायत पेटी रखने के एवं आगामी परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए काउंसलिंग को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस मीटिंग में डीटीएफ के सदस्य जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज सागर के डॉ. मनीष कुमार सोनी, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर से डॉक्टर संजय प्रसाद तथा छवि अग्रवाल पुलिस विभाग से संदीप तिवारी तथा सामाजिक न्याय विभाग से आदर्श शेलार, उच्च शिक्षा विभाग की उक्त कार्य हेतु जिले की नोडल अधिकारी रेणु सोलंकी एवं डॉ सुनील साहू आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाकवि पद्माकर सभागार में होगा भारत पर्व आयोजित

**सागर ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह आयोजन पूर्व की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा सोमवार को कलेक्टर संदीप जी आर ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जबावदेही सौंपते हुए कहा कि जिम्मेदारियों का क्रियान्वयन समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउण्ड पर की जाने वाली तमाम व्यवस्थाओं के परिपेक्ष्य में बिदुंवार चर्चा की गई साथ ही विभिन्न विभागो के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील, जनपद स्तर, सभी शैक्षणिक संस्थाओं में गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।




## योग दिवस पर होली फेथ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ भव्य आयोजन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा स्थित होली फेथ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेता पं. अभिषेक भार्गव एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी सहित नगरपालिका पार्षद इंद्रजीत चौहान, देवेंद्र जैन, महेश ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय के डायरेक्टर कलाम सर एवं प्राचार्य बिल्केश बेगम द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का शाल,श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगासन का सुंदर प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों के इस अनुशासित एवं आकर्षक प्रदर्शन की सभी अतिथियों ने सराहना की। युवा नेता पं. अभिषेक भार्गव ने बच्चों तथा विद्यालय प्रशासन का हौसला अफजाई करते हुए उनके द्वारा किए गए योग प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने भी बच्चों के प्रदर्शन एवं विद्यालय परिवार की सराहना की। विद्यालय के डायरेक्टर कलाम सर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है । अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

## डीपीएस सागर में युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार अभ्यास 400 विद्यार्थी हुए शामिल



**सागर ।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में करीब 400 विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार लगाकर 'युवा दिवस मनाया। तकरीबन नौ बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रार्थना स्थल पर सूर्य नमस्कार के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी प्रांगण में एकत्र हुए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। तदुपरांत योगाचार्य अमित जैन के नेतृत्व में सभी ने सूर्य नमस्कार आसानों का सफलता पूर्वक अभ्यास किया। सूर्य नमस्कार योगाभ्यास के उपरांत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का मार्ग है। हम सभी को चाहिए, कि स्वास्थ्य रहने के लिए नित्यप्रति योग करें। योग शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का द्योतक है। विद्यार्थियों के लिए योग शिक्षा का अनिवार्य अंग है और उन्हें योग को दिनचर्या के अभिन्न अंग की तरह स्वीकार्य करना चाहिए। वहीं विद्यालय के निदेशक इंजी. राहुल सराफ ने सभी को युवा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के लिए प्रेरणा का केन्द्र हैं। उन्होंने छोटा जीवन पाया। परन्तु अपनी 32 वर्ष की अल्पायु में ही उन्होंने देश व दुनिया के युवाओं को संदेश दिया, कि देखो! जीवन कैसे जिया जाता है? उन्होंने योगबल से स्वयं को प्रज्ञावान, बलिष्ठ बनाया।



## 27 वर्षों के संघर्ष की पहचान: कर्मचारी नेता अशोक पांडे को परशुराम सेवा सम्मान

**सागर।** वरिष्ठ कर्मचारी नेता अशोक पांडे को कर्मचारियों एवं श्रमिकों के हित में 27 वर्षों से किए जा रहे सतत संघर्ष एवं सेवा के लिए परशुराम सेवा सम्मान–2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान परशुराम मंदिर, तुलसी नगर, भोपाल में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में भोपाल सांसद आलोक शर्मा, पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर एवं भोपाल महापौर मालती राय ने संयुक्त रूप से अशोक पांडे को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. राकेश चतुर्वेदी, अशोक तिवारी , राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, पूर्व एमआईसी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, कर्मचारी नेता मयूर उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश महामंत्री राजू सिंह यादव सागर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह सम्मान कर्मचारियों एवं श्रमिकों की मांगों को लेकर 27 वर्षों से किए जा रहे संघर्ष, सेवा एवं प्रभावी नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया है। उनके नेतृत्व में राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में सैकड़ों धरना-प्रदर्शन आयोजित किए गए( *उन्होंने बताया कि अशोक पांडे पिछले 20 वर्षों से ब्राह्मण समाज की सेवा, सामाजिक सम्मान एवं अधिकारों के लिए भी निरंतर सक्रिय हैं।

### जिलाधिकारी व सदर विधायक ने किया नगर भ्रमण, जानी विकास कार्यों की हकीकत

# निर्माण कार्यों में सुरक्षा, समयबद्धता और गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता: विधायक

जिले के विकास निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



**ओवर ब्रिज के शेष सभी निर्माण 15 तक पूर्ण किए जाए**

आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश एवं मा. विधायक सदर श्री रामरतन कुशवाहा द्वारा एक साथ नगर क्षेत्र में संचालित प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई झांसी द्वारा 44 पर कैलगुवा रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज, सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में निर्मित शहजाद नदी के दीर्घ सेतु तथा जल निगम (शहरी) द्वारा नगर क्षेत्र आजादपुरा में कराए जा रहे पेयजल पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया और कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं आमजन पर पड़ने वाले प्रभाव की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान विधायक सदर ललितपुर रामरतन कुशवाहा ने कहा कि ₹जनता की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई, गुणवत्ता में कमी अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी, सदर विधायक के साथ सबसे पहले एन०एच०ए०आई० झांसी (ओवर ब्रिज) पहुंचे, यहां उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए एन०एच०ए०आई० झांसी को निर्देशित किया गया कि ओवर ब्रिज के शेष सभी निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से 15 जनवरी तक पूर्ण किए जाए। कार्य को दिन-रात (247) शिफ्ट प्रणाली में कराते हुए डेक स्लैब, एप्रोच रोड, रेलिंग, कैश बैरियर, सुरक्षा दीवारें, स्ट्रीट लाइट/हाई मास्ट लाइट, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, दिशा-सूचक संकेतक एवं वर्षा जल निकासी (ड्रेनेज सिस्टम) के समस्त कार्य मानक अनुसार शीघ्र पूर्ण किए जाएँ। इसके उपरांत वे सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में बनाए जा रहे शहजाद नदी के दीर्घ सेतु पर पहुंचे, यहां पर निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान सेतु निगम को निर्देश दिए गए कि दीर्घ सेतु का समस्त निर्माण कार्य शासन द्वारा स्वीकृत समय-सीमा के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में प्रयुक्त समस्त सामग्री कर/कफउ मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। बरसात के पहले सेतु के पिलर, पाइल, बीम, डेक स्लैब एवं एप्रोच रोड का कार्य विशेष गुणवत्ता नियंत्रण के साथ कराते हुए सभी आवश्यक तकनीकी परीक्षण एवं अनुमोदन पूर्ण किए जाएँ। साथ ही, कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा हेतु हेलमेट, जैकेट, सुरक्षा जूते आदि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएँ, बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाएँ तथा रात्रिकालीन कार्य हेतु पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए।

करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में समय-सीमा, गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होग। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि जारी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा कर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वाले अधिकारी और ठेकेदार के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की जाएगी।

#### पाइप लाइन बिछाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें

शहर के आजादपुरा में जल निगम (शहरी) द्वारा कराए जा रहे पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान जल निगम (शहरी) को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए 48 घंटे के भीतर अस्थायी मरम्मत एवं निर्धारित अवधि में स्थायी सड़क पुननिर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाए। खुदाई कार्य सीमित लंबाई में किया जाए, अन्य भूमिगत सेवाओं (बिजली, गैस, दूरसंचार) को क्षति न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यस्थल पर बैरिकेडिंग चेतावनी बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था एवं वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किए जाए, कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध ब्लैकलिस्टिंग सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। परियोजनाओं के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने वर्णी कॉलेज में बीएलओ द्वारा किए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ)- 2026 के कार्यों का जायजा लिया, उन्होंने एक एक कर सभी बीएलओ के फर्मों को देखा और उन्हें घर घर जाकर अधिक से अधिक फार्म 6 भरवाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, एनएचएआई, जल निगम शहरी, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत

## काम के अधिकार को खत्म कर रही भाजपा: कांग्रेस




कांग्रेसियों ने घंटाघर पर किया सांकेतिक उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिलाध्यक्ष डा.दायराम रजक व जिला मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में घंटाघर मैदान में सांकेतिक उपवास किया गया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन के मुख्य बिंदु इस तरह साफ-साफ रखे जा सकते है। हर जरूरतमंद परिवार को मनरेगा के तहत पूरा काम मिले, काम बंद करना बंद हो। जवाबदेही की गारंटी, काम न मिलने, भुगतान में देरी और भ्रष्टाचार के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। भुगतान की गारंटी, मजदूरों को समय पर पूरी मजदूरी मिले, महीनों तक भुगतान न लटकाया जाए। मनरेगा में किए गए बदलाव वापस लेने की गारंटी, मजदुर-विरोधी नियम, ऑनलाइन हाजिरी, जॉब कार्ड कटौती जैसे बदलाव रद्द किए जाएँ। मनरेगा की मूल भावना की गारंटी। मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम और गरीबों के रोजगार के अधिकार से कोई छेड़छाड़ नहीं। काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण गारंटी हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन के लिए काम पाने का संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा के तहत काम न देना संविधान की भावना के खिलाफ है। धरना प्रदर्शन पर नेहा तिवारी, रामदेवी विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, मोहनसिंह चंदेल, हरिबाबू शर्मा, नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, राकेश रजक, खलक सिंह, रफीक अली, कुलदीप पाठक, ब्रजेश शांडिल्य, दीपक रायकवार, राकेश सेन महरौनी, साहबसिंह लोधी, बलवीरसिंह राजपूत मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पति ने पत्नी के साथ की मारपीट चेहरे पर काटा

**ललितपुर।** पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। पीड़िता को कड़ाके की सर्दी में घर से बाहर निकाल दिया गया। बेटी की मदद के लिए 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर पहुंचे पिता को भी दामाद ने पीटा। घायल पिता-पुत्री को शनिवार रात ललितपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। थाना मड़ावरा के ग्राम लुहारा निवासी 30 वर्षीय रानी बुनकर ने बताया कि उसकी शादी 12 साल पहले हरिराम बुनकर से हुई थी। रानी के अनुसार, उनकी तीन बेटियां हैं और पति शराब पीकर बेटा न होने पर रोज मारपीट करता है। वह अक्सर उसे ठंड में घर से बाहर निकाल देता है। शुक्रवार रात पति हरिराम ने उसके साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। जब इस घटना की जानकारी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के बडेरा गांव में रहने वाले रानी के पिता छिंगा को मिली, तो वह शनिवार शाम 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर बेटी के ससुराल पहुंचे। वहां दामाद हरिराम ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। पीड़िता रानी ने यह भी बताया कि पति उसे बेटा न होने पर तलाक देने की धमकी देता है। रानी के पिता ने बताया कि शादी के 12 साल बाद से ही दामाद बेटियों के जन्म के बाद से उनकी बेटी के साथ मारपीट करता आ रहा है।

### कंटेनर की टक्कर से पुत्र की मौत, पिता घायल

**ललितपुर।** नेशनल हाई-वे 44 पर एक कंटेनर ने पिता-पुत्र सवार बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता दूर जा उछला, जबकि पुत्र कंटेनर के नीचे आ गया, जिससे कंटेनर उसे रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल पिता को उपचार के जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम मगरपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह अपने 19 वर्षीय पुत्र शिवांश ठाकुर के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी बीच बिरधा चौकी क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाई-वे पर तेज गति से भाग रहे कंटेनर ने बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की कंटेनर के रौंदे जाने से मौके पर मौत हो गयी, जबकि पिता घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कंटेनर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा, व्यापारिक संबंधों पर रोक लगाने की मांग की

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार से आप नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों को लेकर भारत सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुये कूटनीति व व्यापारिक सम्बन्धों पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में प्रदेशीय आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी के नेतृत्व में एक ज्ञापन भारत की महामहिम राष्ट्रपति को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद केन्द्र सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है। आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत जाहिर करते हुये बताया कि भारत जैसे लोकतांत्रिक और नैतिक नेतृत्व वाले राष्ट्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पड़ोसी देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे संगठित अत्याचारों पर केवल मौन न साधे, बल्कि अपनी कूटनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय शक्ति का प्रयोग कर पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए।

### हिंदू सम्मेलन का आयोजन उत्साह से संपन्न

## हिंदू समाज की शक्ति व एकता पारस्परिक सहयोग में: अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक आयोजन मंगल भवन, चण्डी मंदिर धाम, ललितपुर में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संत-महात्मा, समाजसेवी, बुद्धिजिजीवी, युवा वर्ग तथा श्रद्धालु नागरिकों ने सहभागिता की।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र कार्यवाह अनिल श्रीवास्तव रहे। अपने सारगर्भित एवं प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए हिन्दू एकता, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा तथा जाति विभाजन से उत्पन्न सामाजिक विघटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। अनिल ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता और पारस्परिक सहयोग में निहित है। जाति, वर्ग और क्षेत्र के आधार पर समाज में उत्पन्न विभाजन समाज को कमजोर करता है, जबकि समरसता और परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने से ही एक सशक्त एवं संगठित राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति जागरूक रहते हुए समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। सम्मेलन की अध्यक्षता पूज्य चंद्रेश्वर गिरि महाराज (चण्डी मंदिर धाम) ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की पूर्ण व्यवस्था है।

समाज में व्याप्त वैमनस्य, भेदभाव और विघटन को समाप्त कर समरसता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना ही ऐसे आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी वर्गों से सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने धार्मिक संस्कृति के संरक्षण, पारिवारिक संस्कारों के सुदृढ़ीकरण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर भी अपने विचार रखे।

## मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व, श्री सर्वेश्वर व मां अन्नपूर्णा धाम में बांटा जाएगा खिचड़ी का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मकर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य एक बार फिर देखने को मिलेगा। श्रीसर्वेश्वर धाम बांध कॉलोनी में 15 व 16 जनवरी को मां अन्नपूर्णा धाम, गनगौरा राजघाट रोड पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य खिचड़ी प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जगत गुरु स्वामी डा. कृष्णागिरी महाराज एवं गिरीश बाबाजी महाराज महामंडलेश्वर ने संयुक्त रूप से बताया कि मकर संक्रान्ति भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है। इस दिन दान, पुण्य और सेवा का विशेष महत्व माना गया है। इसी भावना के साथ दोनों धामों में खिचड़ी प्रसाद का विशाल आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार खिचड़ी प्रसाद का वितरण सुबह से ही प्रारंभ हो जाएगा। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। स्वयंसेवकों की टीम व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करेगी। स्वामी डा. कृष्णागिरी महाराजजी ने बताया कि खिचड़ी प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि समरसता और सेवा का प्रतीक है। इसमें जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे सामाजिक एकता का संदेश मिलता है। वहीं गिरीश बाबाजी महाराज महामंडलेश्वर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोडऩे का कार्य करते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, समाजसेवी और भक्तगण सहयोग कर रहे हैं। धाम परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा तथा भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहेगा।

## सहरिया समुदाय के बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने अखिल भारतीय वनवासी आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित, मां शबरी वनवासी छात्रावास टेकरी तालबेहट पहुंचे। जहां पर बने हुए छात्रावास का भ्रमण कर आदिवासी सहरिया समुदाय के पढऩे वाले बच्चों को गर्म अंग वस्त्र, कॉपियां, पेन एवं लडडू वितरित किए। परिषद के स्थाई लेखाकार मनोज सराफ बल्ली द्वारा निजी रूप से छात्रावास के बच्चों को 50 चादर भेंट करने की घोषणा की गई। बच्चों के द्वारा चंदन है इस देश की माटी गीत गाया गया। छात्रावास में भाटिया जी द्वारा किए गए विशेष सहयोग की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की एवं भगवान श्रीराम मां शबरी के बन रहे मंदिरजी को देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुबोध गोस्वामी, नायकजी, मनोज तिवारी रहे। इस दौरान जितेंद्र जैन, मनोज सराफ, नरेंद्र मोदी, प्रवीण सिंघई, नीरज समैया, अभिषेक जैन अब्बू, राजीव जैन रज्जू, राजेश जैन बल्ली, विपिन जैन रोंडा, हेमंत जैन, विवेक जैन, दीपक सिंघई, साकेत जैन उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित की गई परिचर्चा

## विवेकानंद का मानना था कि गीता का पाठ नौजवानों को खेल के मैदान में सीखना चाहिए: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि विवेकानंद , गुरु रामकृष्ण परमहंस से जब पहली बार मिले तो उन्होंने एक वैज्ञानिक की तरह यह प्रश्न पूछा कि - क्या आपने ईश्वर को देखा है? तो उन्हें उत्तर मिला हां वैसे ही देखा जैसे तुम्हें देख रहा हूं उन्होंने उनसे प्रति प्रश्न किया, दिन में जैसे हम तारों को नहीं देख सकते हैं , किंतु इसका अर्थ यह नहीं की तारे आकाश में नहीं । दूध के भीतर मक्खन रहता है, पर क्या दूध को देखकर मक्खन को जान सकते हैं ? दूध से दही बनाना पड़ता है,सूर्योदय से पूर्व ठंडी जगह में मथने से मक्खन निकलता है । ईश्वर का नाम-गान करते समय जब हम तन्मय होकर प्रेमोन्मत्त हो जाते हैं तो ईश्वर की अनुभूति अपने अंदर ही करने लगते हैं । परमहंस के कमंडल से, ज्ञान की गंगा को निकाल कर स्वामी विवेकानंद ने, उसे सारे संसार में जन हितार्थ प्रवाहित कर दिया । रामकृष्ण यदि अनुभूति थे तो विवेकानंद उनकी व्याख्या बनकर आए। फलतःउन्होंने विश्वास पूर्वक का कहा कि जब हृदय पूर्ण रूप से निर्मल हो जाता है तो मन से स्वार्थ और छल की सारी दुर्गंध निकलने पर मनुष्य की परोपकारी वृत्ति पूर्ण रूप से जाग जाती है । विवेकानंद जी का आविर्भाव जबरदस्त वैज्ञानिक उफ़ान नैतिक अव्यवस्था और बिखरती हुई मानदंडों की पराधीनता से ग्रस्त युग में हुआ था । लोगों को यह नहीं मालूम था कि वह किधर जाएं ? वे विज्ञान की भावना से आंदोलित हो रहे थे। ऐसे ही समय में विज्ञान के रंग में रंगे, विवेकानंद जी की मुलाकात परमहंस जी से हुई थी । गीता के अर्जुन की तरह उन्होंने कर्तव्य का मार्ग उन्हें दिखाया और महसूस कराया कि प्रत्येक व्यक्ति दिव्य प्रकाश रूप ब्रह्म की चिंगारी है । वह हड्डियों मांस और मांसपेशियों तक सीमित नहीं है , यदि वह महसूस करता है कि उसके अस्तित्व के दूसरे आयाम भी हैं । वही उसके आध्यात्मिक आयाम हैं , और उन्हीं का विकास करने की जरूरत है । विवेकानंद ने महसूस किया कि हम बात ज्यादा करते हैं , और आचरण कम , जबकि आडंबर ज्यादा । स्वामी जी ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों का एक हिस्सा उन्हें पागलखाने जैसा टापू लगता है । जिसमें बातें बघारने वाले लोग विवेकहीनता से ग्रस्त होकर जंगली व्यवहार करने लगते हैं । ईश्वर तक पहुंचने का सीधा मार्ग मानव सेवा है । कहा जाता है हिंदू धर्म सनातन है । इसका सीधा अर्थ सत्य अहिंसा और प्रेम के बीज सनातन रूप से पलल्वित होते रहे हैं और सदैव होते रहेंगे । समाज की आंखें हैं संत, प्रकाश है धर्म और धर्म का सूर्य है ईश्वर । इसीलिए वेदों में इस सनातन सिद्धांत को प्रतिपादित किया गया है ₹ एकं सदविप्राः बहुधा वदंति ।- सत्य एक है किंतु उपासक एक ही सत्य की अनेक प्रकार से उपासना करता है । अनेक रंगो की गायों का दूध एकसा सफेद है, विवेकानंद जी के गुरु परमहंस जी ने महीनों तक , विभिन्न धर्मों की चर्या की और निष्कर्ष प्रस्तुत किया कि - विभिन्न रास्तों से पहाड़ की चोटी पर पहुंचने वाले साधक, सत्य की चोटी पर चढ़कर समान उद्देश्य प्राप्त करते हैं । इसलिये - उठो , जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको नहीं।

### संगोष्ठी में युवाओं को किया जागरुक



**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में नगर के सी.पी.एस., जीजीआईसी, नृसिंह विद्या मंदिर, रघुनाथ इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में नगर मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा का समस्त विद्यालय में रहना हुआ। उन्होंने युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा आगामी युवा कुम्भ के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुये समस्त विद्यार्थियों को कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रमों में नगर इकाई के कार्यकर्ता बहन शिवानी राजा, विशाल नामदेव, कुंवरजी राजा, अभय पाठक, सूर्यांश राजा, प्रशांत चौबे, सुमित दोहरे, प्रियांशु पटैरिया, प्रांजुल झां, पिंकू झां आदि मौजूद रहे।

### जाम के कारण आधा घंटे तक फंसे रहे वाहन, जमकर हुई नारेबाजी

# कूपन के बाद भी नहीं मिला खाद फूटा किसानों का गुस्सा, लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

किसानों के बीच खाद की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। प्रशासन प्रेस नोट जारी कर खाद की आपूर्ति ओर उपलब्धता आशा अनुरूप बताने का प्रयास करता रहता है लेकिन खाद वितरण केंद्र पर स्थिति इसके उलट देखे जा रही है। इसकी बानगी सोमवार को तब देखने को मिली जब खाद नहीं मिलने से गुस्साए किसानों ने जिला विपणन कार्यालय (धान मील) के सामने श्योपुर शिवपुरी रोड पर धरना देकर हाईवे जाम कर दिया। आधा घंटे तक लगे इस जाम में दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मान मुनव्वल के बाद किसान धरना समाप्त करने को राजी तो हो गए पर प्रशासन उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कर सका। इस दौरान किसानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

खाद वितरण का कूपन लेकर सोमवार को खाद लेने पहुंचे किसानों को जब तय समय तक खाद नहीं मिला ओर अधिकारियों की ओर से खाद खत्म होने की बात कही गई तो किसान आक्रोशित होकर नारेबाजी करने लगे इस दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो किसानों ने सड़क पर आकर जाम लगा दिया। जाम के कारण करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दरअसल कूपन मिलने के बाद किसानों को भरोसा था कि उन्हें सोमवार को खाद मिल जाएगा। इसी भरोसे पर बड़ी संख्या में किसान सुबह से ही वितरण केंद्र पर पहुँच गए थे। लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी जब खाद नहीं मिली तो किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते प्रदर्शन ने चक्का जाम का रूप ले लिया।

सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुँची। नायब तहसीलदार टी एस लकड़ा, कोतवाली पुलिस से एसआई कमलेन्द्र सिंह कुशवाह तथा एएसआई ब्रजराज यादव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद किसानों ने जाम खोल दिया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।



#### किसान हर सोमवार को लगा रहे जाम, नेता झेल रहे एफआईआर

जिला विपणन कार्यालय पर खाद की समस्या को लेकर लगभग हर सोमवार को जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। शनिवार इतवार का अवकाश होने के बाद जब किसान कूपन लेकर खाद लेने पहुंचते हैं तो उन्हें जितने कूपन वितरण किए जाते हैं उतनी भी खाद स्टॉक में नहीं मिलती है जिसके कारण किसान जाम लगाने को मजबूर हो रहे हैं। ज्ञात हो कि अव्यवस्थाओं से बचने के लिए किसानों को एक दिन पहले खाद की उपलब्धता को देखते हुए कूपन वितरण किए जाते हैं और दूसरे दिन खाद वितरण किया जाता है। उधर प्रशासन खाद की उपलब्धता पूरी होने का दावा हर प्रदर्शन के बाद करता रहा है। साथ ही प्रदर्शन को दबाने के लिए नेताओं पर एफआईआर भी की जाती रही है। इससे पहले हुए प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा बछेरी और युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, अधिकारियों को धमकाने, किसानों को बहकाने जैसी धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी।

#### एक दिन का वादा, पखवाड़ा भर में नहीं आ रहा नंबर

खाद वितरण व्यवस्थित तरीके से हो इसके लिए इसके लिए कूपन वितरण व्यवस्था की गई है। एक पहले लाइन में लगाकर कूपन वितरण किया जाता है और दूसरे दिन खाद वितरण होता है लेकिन किसानों का आरोप है कि उन्हें कूपन वितरण के बाद पखवाड़ा बीतने पर भी खाद नहीं मिल रहा है। एक किसान ने बताया कि उन्हें पूर्व में सूचना दी गई थी कि 29 दिसंबर को जिन किसानों को टोकन दिए गए थे, उन्हें सोमवार को खाद वितरण होगा इसी आधार पर वह कूपन लेकर खाद लेने आ गए लेकिन अधिकारियों ने खाद नहीं होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया।

#### इनका कहना है

जिले में खाद की आपूर्ति को लेकर अस्थायी दिक्कत आई है। बुधवार को खाद की एक रैक श्योपुर पहुँचेगी, जिसके बाद गुरुवार से किसानों को विधिवत खाद वितरण शुरू कर दिया जाएगा। किसान अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखें।

सत्येंद्र सिंह
जिला विपणन अधिकारी श्योपुर

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर ऑडिटोरियम में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# विद्यार्थियों के साथ अफसरों और नेताओं ने भी किया सूर्यनमस्कार





हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाये जाने के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। शिवपुरी रोड स्थित नगरपालिका ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओ के साथ जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं सहित गणमान्य नागरिकों ने भाग लेते हुए सामूहिक नमस्कार लगाया और प्राणायम की विभिन्न क्रियाएं की।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलखन नापाखेडली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज तोमर, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, विधायक प्रतिनिधि सिराज दाउदी, सुजीत गर्ग, जुगल बंसल, बिहारी सिंह सोलंकी, राजबहादुर मारू, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन, डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा, जिला खेल अधिकारी अरूण सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर इस कार्यक्रम के माध्यम से वर्चुअली संदेश दिया। तदोपंरात सूर्य नमस्कार की क्रियाओ के तीन चक्र तथा प्राणायाम क्रियाएं संपन्न हुई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर योग शिक्षक दिनेश साहू द्वारा सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाएं तथा प्राणायाम का प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे ने करते हुए स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला एवं आभार प्रदर्शन बीईओ मधु शर्मा ने व्यक्त किया। उपस्थित अतिथियों द्वारा योग शिक्षक दिनेश साहू को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

#### स्वदेशी संकल्प दौड़ के बाद स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड का आयोजन किया गया। नगरपालिका ऑडिटोरियम से लेकर स्वामी विवेकानंद उद्यान तक आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड में अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। स्वदेशी दौड के समापन अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। शहर श्योपुर के अलावा कराहल एवं विजयपुर में भी स्वदेशी संकल्प दौड आयोजित की गई।

#### अभाविप ने कॉलेज में आयोजित किया छात्र उदय कार्यक्रम



श्योपुर। राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पीजी कॉलेज परिसर में छात्र उदय कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मनु जैन ने स्वामी विवेकानंद जी जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र के प्रति जागरूक किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में पहुंचे लोक निर्माण विभाग के ईई पुस्कल प्रताप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अभाविप जिला संयोजक गगन शर्मा,कॉलेज अध्यक्ष अभिषेक मीणा,नगर मंत्री विष्णु वाल्मीक सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अध्यक्ष सहित 6 पदाधिकारी और 8 सदस्यों के लिए होगा मतदान

# 9 को होगा अभिभाषक संघ का चुनाव निर्वाचन अधिकारी ने घोषित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारी और सदस्यों का निर्वाचन 9 फरवरी को होगा यह घोषणा निर्वाचन अधिकारी एड ओपी खन्ना ने निर्वाचन कार्यक्रम जारी करते हुए की। साथ ही इस निर्वाचन प्रक्रिया में चुनाव लड़ने या मतदान करने में भागीदारी करने के लिए उन्होंने बार काउंसलिंग के बकाया मासिक शुल्क को जमा करने का निर्देश देते हुए कहा कि जो सदस्य शुल्क जमा नहीं करेगा वह निर्वाचन प्रक्रिया से पृथक रखा जाएगा।

जिला अभिभाषक संघ 2026—27 के लिए होने वाले चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए एडवोकेट ओपी खन्ना ने सोमवार को निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया। जारी कार्यक्रम के अनुसार 09 फरवरी को सुबह 11:00 बजे दिन से शाम 3:00 (तीन) बजे तक मतदान और मतपत्रों की गिनती के बाद (3:15 बजे) परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। निर्वाचन का स्थान जिला न्यायालय परिसर होगा। जिन पदों के लिए चुनाव कराए जाने हैं उनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल सहित 8 सदस्यों के लिए चुनाव कराए जाने हैं। जिनमें चार वरिष्ठ तीन कनिष्ठ व एक सदस्य पद महिला के लिए आरक्षित रहेगा। बाकी पद अनारक्षित रहेंगे जिसमें से अगर महिला उम्मीदवार होगी तो वह किसी भी पद पर नामांकन भर कर चुनाव लड़ सकती है।



#### इतना जमा करना होगा निर्वाचन शुल्क

अध्यक्ष पद के लिए तीन हजार रूपए, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, तथा ग्रन्थपाल पद का चुनाव लड़ने वालो को दो दो हजार रूपये,कार्यकारणी सदस्य का चुनाव लड़ने वालो को एक एक हजार रूपये जमा कराने होंगे।

# इंतजार करते रहे, नहीं हुई नपाध्यक्ष प्रकरण पर सुनवाई

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

सोमवार को पूरे शहर की निगाह हाई कोर्ट ग्वालियर के नपा अध्यक्ष वाले मामले पर लगी रही। आज इस मामले में नपाध्यक्ष के अधिकार से जुड़े मामले में फैसला आना था। नपाध्यक्ष के समर्थकों को पूरी उम्मीद थी कि आज उन्हें अदालत से राहत मिल जाएगी लेकिन सोमवार को कोर्ट उठने तक उनकी फाइल का नंबर ही नहीं आया।

नपा अध्यक्ष रेनू राठौर के अधिकार को लेकर मामला हाई कोर्ट की खंडपीठ ग्वालियर में चल रहा है इस मामले में न्यायाधीश अहलूवालिया की अदालत ने नपा अध्यक्ष रेनू राठौर को पूर्व में दिए आदेश के तहत पावर लेस घोषित कर दिया था जिसकी अपील उन्होंने पहले डबल बेंच में फिर इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में की थी लेकिन कहीं से राहत नहीं मिलने पर वापस हाई कोर्ट की सिंगल बेंच में फैसले के निराकरण के लिए उपस्थित हो गए थे। तब से तारीख ही बढ़ती रही है सोमवार को भी उनकी फाइल 14 नंबर पर रखी थी लेकिन अदालत में दूसरे मामलों में समय अधिक लगने से फाइल नंबर पर नहीं आ सकी।

#### नपा ने हटाया अतिक्रमण, 6 पर किया 14 हजार का जुर्माना

श्योपुर। अतिक्रमण के कारण बाजार में रोज लग रहे जाम की स्थिति से निपटने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को नगर पालिका ने शहर में शिवपुरी रोड पर सड़क किनारे लगाए गए चाट बिरयानी के ठेले गुमठियों को हटाया गया। इस दौरान 6 लापरवाह दुकानदारों पर 14000 का जुर्माना भी किया गया। सीएमओ आरआर यादव के नेतृत्व में शिवपुरी रोड गैस एजेंसी के सामने से नगर पालिका ने स्टेडियम तक अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई की इस दौरान गैस एजेंसी रोड पर लगे अंडे आमलेट गुमटी के ठेलों को हटाकर उन पर जुर्माना किया रास्ते में विभिन्न चाट इत्यादि के ठेलों गुमठियों को भी हटाया गया। कुछ दुकानदारों के सामान भी जप्त किए गए 6 दुकानदार ऐसे थे जो लापरवाही बरत रहे थे उनकी पर 14000 का जुर्माना किया गया।

# अहंकार से नहीं, भगवान तो प्रेम से बुलाने पर आते हैं:हरिओम शरण

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर



ग्राम नागदा स्थित श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे सोमवार को भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर श्रोताओं ने भजनों पर आनंदित होकर नृत्य किया।

कथा व्यास पं हरिओम शरण शास्त्री ने कहा कि भगवान को प्रेम से बुलाने पर वे आते हैं, अहंकार से नहीं। उन्होंने रावण और श्रीराम के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि रावण को ज्ञान का अहंकार था, जबकि श्रीराम को अहंकार का ज्ञान था। दोनों की राशि एक होने के बावजूद यही मुख्य अंतर था। कथा व्यास ने भगवान राम और उनके भाइयों के गुरुकुल जाने की कथा सुनते हुए वैदिक शिक्षा व्यवस्था के महत्व के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था केवल शिक्षित बना रही है, लेकिन संस्कारों का अभाव है। नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे परिवार, समाज और राष्ट्र की महत्ता समझ सकें। धर्मप्रेमी लोगों की सामूहिक पहल पर आयोजित यह श्रीरामकथा 18 जनवरी तक चलेगी।

# हादसे रोकने ट्रैफिक पुलिस ने डंपर, ट्रक और ट्रॉलियों के पीछे लगाए रेडियम रिफ्लेक्टर

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर



'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (1 जनवरी से 31 जनवरी) में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत ट्रैफिक थाना पुलिस ने सडक हादसों को रोकने के उद्देश्य को लेकर वाहनों के पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर'लगाए जाने का अभियान चलाया। सोमवार को इस अभियान के तहत डंपर, ट्रक तथा किसानों की ट्रॉलियों समेत 350 के करीब वाहनों के पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर' लगाए गए।

ट्रैफिक थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सोमवार को बड़ौदा रोड, खातौली रोड,तथा जेद्दा अनाज मंडी में ग्रामीण अंचलों से आने वाले किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉलियो तथा डंफर, ट्रक सहित कुल 350 वाहनों पर यातायात थाने के स्टाफ के द्वारा रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाने का काम किया। ट्रैफिक टीआई राजपूत ने बताया कि रात्रि के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के परिवहन के दौरान इनमें सामान्यतः इंडिकेटर और ब्रेक लाइट नहीं होने के कारण पीछे से आने वाले वाहन चालकों को ट्राली का स्पष्ट आभास नहीं होता है, इससे हादसे घटित होने का खतरा बना रहता है। कई बार हादसे भी घटित हो चुके है। इसलिए ट्रॉलियों के पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर पट्टियां लगाई गई है ताकि रात में प्रकाश पडने पर रेडियम रिफ्लेक्टर' की पट्टी से ट्रॉली ज्यादा स्पष्ट दिखाई देती है और हादसे का खतरा कम होगा। इस अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन करने की समझाइश भी दी गई।

# फरार नौ वारंटियों को बड़ौदा पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर



बडौदा थाना पुलिस ने फरार बने 9 वारंटियों को दबोचने में सफलता हांसिल की है। जिनमें 8 गिरफ्तारी वारंटी और 1 स्थाई वारंटी बल्लू खान निवासी बागर बडौदा शामिल है। इन सभी वारंटियो को अरेस्ट करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। बडौदा टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि जिनका गिरफ्तारी वारंट था,उनमें राजू उर्फ मोटा बाथम निवासी वार्ड 03 बडौदा, महेश उर्फ बंटी व मनोज खाती निवासी वार्ड 7 बडौदा, अशोक कुमार मीणा निवासी श्रीजीकी गांवडी, रामभरत मीणा निवासी हिरनीखेडा,दीपू आदिवासी निवासी रतोदन,मोहन सिंह मीणा निवासी मैरखेडी,शंभू बंजारा निवासी सलमानिया शामिल है। जबकि बासिद खान निवासी बागर रोड बडौदा को शांतिभंग की धाराओ में अरेस्ट करके न्यायालय में पेश किया है।

### ददूनी में हिंदू सम्मेलन आयोजित, गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

# राष्ट्र की उन्नति के लिए पंच परिवर्तन को अपने जीवन का स्थायी हिस्सा बनाएं: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

राष्ट्र की उन्नति के लिए हमे पंच परिवर्तन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। इसके लिए हमे संकल्प लेना होगा और इसकी शुरूआत हमे अपने घर से करना होगी। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह गौरव गुप्ता ने सोमवार को बगडुआ मंडल के ददूनी ग्राम पंचायत क्षेत्र में सोरती का अंडा महादेव मंदिर पर आयोजित हिंदू सम्मेलन को मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। इस हिंदू सम्मेलन में संत श्री बालक दास महाराज बमूल के बालाजी, संत श्री किशनदास महाराज लोहडी सोंई माता मंदिर, संत श्री दयालगिरी महाराज सोरती का अंडा महादेव मंदिर विशेष रूप से मंच पर विराजमान थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता गौरव गुप्ता ने कहा कि संघ के पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक समरसता को जीवन में अपनाने की जरूरत है। हमें जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र के भेद मिटाकर समाज में समरसता फैलाना है। नागरिक कर्तव्य के तहत स्वच्छता, अनुशासन और सेवा को वर्ष भर की जीवन शैली बनाएं। सदैव सजग, जिम्मेदार और कर्मनिष्ठ नागरिक बनें। कुटुंब प्रबोधन के तहत संस्कार, संवाद और स्नेह से परिवार को प्रेरणा और एकता का केंद्र बनाएं। उन्होंने हिंदू सम्मेलन के आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू सम्मेलन के लिए जो समितियां मंडल स्तर पर बनी है,उन समितियों में शामिल समाज के जिम्मेदारों को अपने अपने क्षेत्र में हिंदू समाज की एकता को मजबूत बनाने के लिए गंभीरता और सक्रियता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता से ही राष्ट्र सुरक्षित और सशक्त बन सकता है। कार्यक्रम को संतगणों ने भी संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों से एक जुटता के साथ रहने और धर्म के अनुसार आचरण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन समिति के संयोजक भीम सिंह चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी व बडी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष और बच्चे मौजूद थे।



#### कलश यात्रा से धर्ममय हो गया वातावरण नृत्य और भजनों की प्रस्तुति ने समां बांधा

कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला और बालिकाए सिर पर कलश लेकर चल रही थी। हनुमान मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा में भारत माता और शिवाजी की झांकी खासी आकर्षक का केन्द्र रही। गाजेबाजे के साथ निकाली गई इस कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र का माहौल धर्ममय हो गया। भारत माता के पूजन के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम में भजनो की प्रस्तुति और एक छोटी सी बालिका के द्वारा दी गई नृत्य की प्रस्तुति ने समा बांध दिया।




#### हिंदू समाज से एक जुट होने का किया आह्वान

कराहल खंड के बरगबां मंडल में सोमवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। मंशापूर्ण हनुमान मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ कार्यक्रम स्थल शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल प्रांगण में पहुंचकर सम्पन्न हुई,जहां मुख्य वक्ता विहिप के विभाग मंत्री नरेश ओझा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जाति-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को त्यागकर एकात्म हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया। नोनार सरकार धाम के महंत संत श्री गोपाल दास महाराज ने जातिगत पहचान से ऊपर उठते हुए स्वयं को केवल हिंदू और सनातनी बताते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। कुंडा आश्रम के सेवाधारी संत रामदास महाराज तथा वरिष्ठ समाजसेवी हीरालाल आदिवासी ने भी सनातन संस्कृति से जुड़े रहने और इसे भावी पीढ़ियों तक सुदृढ़ रूप से पहुंचाने की अपील की। गिर्राज पालीवाल ने कहा कि सनातन संस्कृति केवल धर्म नहीं, बल्कि जीवन शैली, धार्मिक आस्थाओं, संस्कारों और परंपराओं का समग्र स्वरूप है, जो भारतीय सभ्यता की नींव है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय द्वारा एक साथ बैठकर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जो सामाजिक समरसता और एकता का जीवंत उदाहरण बना।

## खबर संक्षेप

### वीडियो कोच बस में कार घुसी, 3 घायल, एक की हालत गंभीर

**अशोकनगर।** गुना अशोकनगर रोड पर बरखेडी और रातीखेडा के बीच एक कार सामने से आ रही वीडियो कोच बस से जा टकराई। इस घटना में कार में बैठे 3 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अशोकनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक की हालत गंभीर होना बताई गई है। घटना रविवार की शाम 6 बजे की है घटना के बारे में बताया गया है कि अशोकनगर से इन्दौर के लिए एक वीडियो कोच बस रवाना हुई थी, शहर से 2 किलोमीटर दूर यह बस जब बरखेडी गांव से रातीखेडा जा रही थी तभी एक ट्रक ओवर टेक करते हुए आ गया। उसी समय दूसरी दिशा से आ रही एक कार बस से जा टकराई। इस घटना में कार में सवार तीनों घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें सीताराम और आकाश जाटव मूडरा म्यापुर जिला अशोकनगर के रहने वाले हैं जबकि प्रकाश जाटव रायश्री गांव का निवासी है। इन सभी को चोंटें आई हैं। सिटी कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान ने बताया कि इस घटना में 3 घायल हुए हैं जिनमें आकाश जाटव को अधिक चोटे आई हैं जिसकी हालत गंभीर है। इस घटना में प्रकाश जाटव को कम चोट आई हैं।

### लोहे के पाइप से तोड़फोड़ की, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी धर्मेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शुभम रघुवंशी ने लोहे के पाईप से फरियादी के घर के गेट,कूलर, आटे की चक्की, टीवी और पानी की टंकी की तोड़फोड़ की। जिस पर से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 15 वर्षीय किशोर ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम पांडरी निवासी कन्हैया पुत्र राजपाल आदिवासी उम्र 15 साल ने सिंघपुर में पहाड़ी पर लगे टावर पर फांसी लगाकर खुद कुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### चोर घर में घुस कर जेवर व नकदी चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी अदुल सफीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोरी उनके घर में घुसकर सोने का हार, मंगलसूत्र, चांदी की पायले, बिछुड़ी, सोने की एक मोती वाली माला और नगदी 12 हजार रूपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### नपा अध्यक्ष ने अतिक्रमण हटाए जाने वाले रास्तों का निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने रविवार को कोलुआ रोड एवं शासकीय अस्पताल रोड पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से संवाद किया। दुकानदारों द्वारा बताया गया कि नालों के ऊपर रखी फरसी हट जाने के कारण दुकानों तक आने-जाने में समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि बुधवार से नालों के ऊपर पुनः फरसी रखवाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे दुकानदारों एवं आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

### गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद: प्रेरक जीवन प्रसंग विषय पर हुई लेखन प्रतियोगिता

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सूर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कई आयोजन हुए। शहर का मुख्य आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, जनपद अध्यक्ष उषा राय, शिक्षा महिला बाल विकास सभापति भारती राय, हरिओम चौबे, प्राचार्य एसपी तिवारी ने विवेकानंद जी का पूजन कर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

गर्ल्स कॉलेज में सूर्य नमस्कार एवं सूर्य अभ्यास के बाद विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसके बाद स्वामी विवेकानंदः प्रेरक जीवन प्रसंग विषय पर लेखन प्रतियोगिता, रन फॉर स्वदेशी एवं अंत में स्वामी के जीवन पर आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, हिंदी विभाग एवं शोध केंद्र के शोधार्थी शुभम राठौर ने स्वामी जी की जीवन यात्रा से छात्राओं को परिचित कराया। उन्होंने स्वामी जी द्वारा 1893 के शिकागो विश्व धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी ने अपने प्रभावी वक्तव्य से विश्व में भारतीय संस्कृति एवं धर्म का परचम फहराया। राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ. हरिशंकर सेन ने स्वामी जी के समाज सुधार कार्यों और शिकागो सम्मेलन




के बाद भारत में उनके स्वागत पर प्रकाश डाला। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि जैन ने स्वामी जी के युवा व्यक्तित्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि वे स्वयं युवा रहे, युवा ही गए और आज भी हर युवा के भीतर जीवित हैं। समाज शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. उमा लवानिया ने बताया कि स्वामी जी सदैव स्वयं से पहले दूसरों के विषय में सोचते थे, अतः हमें भी सामूहिक कल्याण, ईमानदारी और नैतिकता का मार्ग अपनाने चाहिए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने छात्राओं को कर्मशील रहने, आत्मनिर्भर बनने और कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक रहकर 'चिंता छोड़ो सुख से जियो' का संदेश दिया।

## स्वामी विवेकानंद हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं : सिरोठिया

**बीना।** विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी शाखा (बीना) द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को नगर पालिका परिसर के सामने विवेकानंद पुष्पांजलि एवं भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौरव सिरोठिया, शहडोल संभाग प्रभारी एवं सागर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की चेतना के अमर स्वर, अध्यात्म और कर्म के समन्वयक, युवाओं में आत्मबल, त्याग और राष्ट्रप्रेम का संचार करने वाले महापुरुष स्वामी विवेकानंद हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सभी से स्वामीजी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर संचालक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि विवेकानंद जयंती उत्सव का मुख्य उद्देश्य भारत के युवाओं पर ध्यान केंद्रित करना है, ताकि वे भारत की महानता एवं समकालीन संदर्भ में भारत की प्रासंगिकता से प्रेरित हों और राष्ट्र सेवा के



लिए संकल्प लें। उन्होंने बताया कि समर्थ भारत पर्व के अंतर्गत युवाओं के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिनमें भारत की महानता पर आधारित प्रदर्शनियाँ, युवा शिविर, कार्यशालाएँ तथा स्वामी विवेकानंद और भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के प्रयास शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रकल्प प्रमुख भूपेंद्र मणि तिवारी ने विवेकानंद केंद्र द्वारा नगर में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। आशीष अग्निहोत्री ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का वाचन किया, जबकि धन्नालाल ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। अंत में नगर प्रमुख राजेंद्र दूर्वार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा देशभक्ति के नारे लगाए गए।

## संभाग समन्वयक ने विद्यालयों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

संभाग समन्वयक रश्मि मिश्रा सोमवार को विद्यालय अवलोकन के लिए विकासखंड करैरा पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैराघाट एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय नारही का निरीक्षण किया। अवलोकन के समय उन्होंने कक्षा में अध्यापन की प्रक्रिया को देखा और शिक्षकों को दिशा-निर्देश दिए।

संभाग समन्वयक रश्मि मिश्रा ने कहा कि कक्षा में अध्यापन के दौरान सभी छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को सुझाव दिया कि अध्यापन प्रारंभ करने से पूर्व पाठ की प्रभावी भूमिका अवश्य बनाएं, जिससे विद्यार्थियों की रुचि जागृत हो सके। साथ ही उन्होंने प्रभावी बैठक व्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि कमजोर विद्यार्थियों को आगे बैठाया जाए, ताकि वे बेहतर रूप से सीख सकें। इस अवसर पर बीएसी महेश कुमार लोधी, बीएसी अनिल चौरसिया, जनशिक्षक ओमप्रकाश वर्मा, रामचरण लाल गौतम, आरती गुप्ता, रविंद्र श्रीवास्तव एवं कमल किशोर झा उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने संभाग समन्वयक द्वारा दिए गए सुझावों को शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में उपयोगी बताया।

## लेखाधिकारी ने कराहल जनपद अध्यक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

**जनपद अध्यक्ष बोलीं मेरे साथ किया गाली गलौच और अभद्र व्यवहार**

**श्योपुर।** कराहल स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में सोमवार को मनरेगा बिलों के भुगतान को लेकर हंगामा और विवाद हो गया। जनपद के लेखाधिकारी महेश शिवहरे ने जनपद अध्यक्ष बत्ती बाई आदिवासी, उनके पति और एक अन्य व्यक्ति पर मारपीट समेत शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। वहीं, अध्यक्ष पक्ष ने भी लेखाधिकारी पर अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए हैं। लेखाधिकारी महेश शिवहरे ने कराहल थाने में दिए आवेदन के अनुसार, 12 जनवरी की दोपहर जब वे सीईओ के कक्ष में मनरेगा के बिलों पर हस्ताक्षर करा रहे थे, तभी अध्यक्ष बत्ती बाई, उनके पति जग्गू आदिवासी और शिशुपाल यादव वहां पहुंचे। जिन्होंने बिलों के भुगतान के लिए उन पर दबाव बनाया गया और इनकार करने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। शिवहरे का आरोप है कि आरोपियों ने सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उधर जनपद अध्यक्ष बत्ती बाई आदिवासी ने भी कराहल थाने में आवेदन देकर लेखाधिकारी पर गाली गलौच और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस मामले में कराहल टीआई यास्मीन खान ने बताया कि दोनों तरफ से आवेदन आए है, जिनकी जांच की जा रही है।

## सकल हिंदू समाज का हिंदू सम्मेलन राजेबामौरा में संपन्न

**शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज द्वारा राजेबामौरा मंडल केन्द्र पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू एकता, संगठन और सनातन संस्कृति की रक्षा पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन से हुई, इसके बाद संगीत कलाकारों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की,तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का भावपूर्ण गायन किया गया। प्रेरणा गीत, देशभक्ति गीत एवं स्वागत गीतों ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं आनंददायक बनाया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सह कार्यवाह महेश रघुवंशी, संत समाज से रसिक शास्त्री एवं अहिरवार समाज से डॉक्टर आर के घघौरया और मातृशक्ति से सपना अहिरवार उपस्थित रहीं।

# हिंदू एकता से बनेगा भारत हिंदू राष्ट्र : देवमुरारी बापू

**अशोकनगर।** स्वामी गार्डन अवधपुरी कॉलोनी में आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रखे गए हिंदू सम्मेलन से पूर्व निकाली गई शोभा यात्रा जो स्वामी गार्डन से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न जगहों से घूमते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। जहां हिन्दु सम्मेलन का आयोजन हुआ। हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने समस्त हिंदुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए हर घर से एक बेटा राष्ट्र को समर्पित करना होगा क्योंकि राष्ट्र सुरक्षित है तो हिंदू अपने घर में सुरक्षित है विधर्मियों के द्वारा लगातार देश में फूट डालने




का काम एवं युद्ध स्तर की तैयारी चल रही है। विदेशी षड़यंत्र कारियों द्वारा हिंदू लोगों को आपस में लड़ने एवं फूड डालने का कार्य निरंतर किया जा रहा है और धीरे-धीरे हिंदू जनमानस आपस में लड़कर विखराव की स्थिति में जा रहे हैं। ऐसे में हिंदू सम्मेलन हिंदुओं को एक करने की एक मजबूत पहल है। हर हिंदू को हिंदू सम्मेलन के लिए अपना घर छोड़कर, व्यापारी को अपना दुकान छोड़कर 1 घंटे का समय अवश्य देना चाहिए। अगर हम आज नहीं संभले तो आने वाले समय में हम लोगों की संख्या ही काम नहीं होगी बल्कि आर्थिक स्थिति से भी कमजोर हो जाएंगे और फूट डालकर हम लोगों को आपस में लड़ा कर गृह युद्ध की स्थिति पैदा कर दी जाएगी। संबोधन में देवमुरारी बापू ने यह भी कहा कि इसके लिए मातृशक्ति को भी आगे आना होगा तभी हिंदुत्व पूर्ण रूपेण मजबूत होगा। मंच पर चतुर्भुज महाराज, रामबाबू उपाध्याय, बृज नारायण महाराज, रश्मि रघुवंशी, मांडवी शर्मा, ब्रह्माकुमारी दीदी एवं सभी स्वयंसेवक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## पटवारी संघ ने बेसहारा गोवंश को खिलाए औषधि युक्त लड्डू



**अशोकनगर।** सामाजिक सरोकारों और जनकल्याणकारी कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले पटवारी जिला संघ अशोकनगर द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए एक सराहनीय पहल की गई है। पटवारी संघ के सदस्यों ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को कड़ाके की ठंड और बीमारियों से बचाने के लिए गुड़ और विभिन्न औषधियों से निर्मित पौष्टिक लड्डू खिलाए। संघ के जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही तेज़ ठंड मूक पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए संघ ने गायों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गुड़, अजवाइन और अन्य जड़ी-बूटियों से युक्त लड्डू तैयार करवाए। इस अभियान के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों में विचरण कर रही गायों को यह विशेष आहार दिया गया, ताकि वे इस मौसम में स्वस्थ रह सकें। इस सेवा कार्य के दौरान पटवारी संघ के जिला सचिव मनीष सैन, कोषाध्यक्ष राजेश नामदेव, पिपरई तहसील अध्यक्ष बबीता रघुवंशी, आकाश जैन सहित संघ के अन्य कई पटवारी साथी उपस्थित रहे। पटवारी संघ की शहरवासियों ने काफी प्रशंसा की है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और जीव-दया से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहेंगे।



## जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कृषि उपज मंडी में आयोजित किया गया, कार्यक्रम भी दिखाया

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रविवार को भोपाल से कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण अशोकनगर में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जैविक कृषि व प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए कृषको को प्रोत्साहित किया गया एवं प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। जिले की सभी मण्डियों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं अतिथियों द्वारा कृषि रथो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक, संजीव भारिल्ल, जगराम सिंह यादव जैविक प्रमुख भारतीय किसान संघ, वीरेन्द्र रघुवंशी जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अमित सिंह उपसंचालक कृषि, भागीरथ प्रसाद अहिरवार मंडी सचिव, डॉ मनीश व्यास उपसंचालक पशुपालन, गबरू गिरवाल सहायक संचालक उद्यानिकी, संजय इनामदार मत्स्य निरीक्षक पालन विभाग के डॉ बैजनाथ यादव बीटीएम आत्मा आदि अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## पिरामिड की शक्तियों के बारे में गुजरात से आए दल ने जानकारी दी और अपने जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा दी




**अशोकनगर।** सूरत गुजरात से मेडिटेशन मास्टर प्रदीप शर्मा एवं दीप्ति शर्मा ध्यान जगत और पिरामिड की शक्तियों के बारे शहर के लोगों को जानकारी दी। उन्होंने ध्यान जगत को सुबह तुलसी सरोवर पार्क में दोपहर में युगल सरकार मंदिर में और सीएम राइज स्कूल में सैकड़ों बच्चों को मेडिटेशन के बारे में बताया।

बच्चों को बताया कि वह किस तरह अपने जीवन में अपनी सफलताओं में आगे बढ़ाने में अपने करियर को बनाने में मेडिटेशन करके एकाग्रता लाकर के सफल हो सकते हैं। बहुत ही सरल विधि आनापातीसती के बारे में समझाया कि सांसों को नॉर्मली लेना छोड़ना ही ध्यान है, बच्चों ने प्रोमिश की वो रोज अपनी उम्र के हिसाब से ध्यान करेंगे। अगर आपकी उम्र 15 साल है तो आपको सुबह शाम 15 मिनट ध्यान जरूर करना है। सीएम राइज के वाइस प्रिंसिपल से आग्रह किया कि एक पिरामिड की स्थापना स्कूल में होनी ही चाहिए। अगर पिरामिड स्कूल में बनता है तो पूरे जिले में इस स्कूल का रिजल्ट सभी स्कूल से बेहतर होगा। ये परिवर्तन दिखेंगे मात्र 3 महीने में,सुबह तुलसी सरोवर पार्क और युगल सरकार मंदिर पर बताया कि यह सच है कि मेडिटेशन हर जगह और हर समय किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर हम पिरामिड में बैठकर मेडिटेशन करते हैं तो हमें ज्यादा यूनिवर्सल एनर्जी यानी कॉस्मिक एनर्जी मिलेगी। अगर हमारे अशोकनगर में पिरामिड इसी पार्क में बन जाए तो 15 किलोमीटर की रेंज में पॉजिटिव वातावरण हो जाएगा, बीमारियां कम होगी, अपराधिक प्रवृत्तिया कम होगी।

# पुलिस कॉम्बिंग गश्त में 47 स्थाई वारंटी व 25 गिरफ्तारी और दो फरारी किए गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारियों को बीती रात प्रभावी "कॉम्बिंग गश्त" करने हेतु निर्देशित किया गया था। समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये थे कि "कॉम्बिंग गश्त" के दौरान अधिकतम संख्या में इनामी आरोपी, स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया जाए तथा लिस्टिेड गुंडों एवं निगरानी बदमाशों की विशेष रूप से चैकिंग की जाए।

इसी क्रम में 10 एवं 11 जनवरी की दरमियानी रात में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशिन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शमा, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिले के थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारी सहित 200 से अधिक अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक "कॉम्बिंग गश्त" की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान थाना



कोतवाली अंतर्गत 07 स्थाई वारण्ट तामील किए गए एवं 08 गुण्डा एवं 03 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना देहात अंतर्गत 03 स्थाई वारण्ट, 06 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 08 गुण्डा एवं 06 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना चन्देरी अंतर्गत 14 स्थाई वारण्ट, 03 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 07 गुण्डा एवं 08 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना ईसागढ अंतर्गत 15 स्थाई वारण्ट, एवं 04 गुण्डा एवं 03 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना कदवाया अंतर्गत 01 स्थाई वारंट, 06 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए।

### लयस्मिता श्रीजी ने श्वेतांबर मंदिर में साधकों को दिए गुर

# परमात्मा हृदय में विराजमान करना बाकी: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

हमने मंदिरों में तो परमात्मा को स्थापित कर दिया है, परंतु अपने हृदय रूपी मंदिर के अंदर परमात्मा को विराजमान करना अभी बाकी है। जब तक आंतरिक तैयारी नहीं होगी, बाहरी महोत्सव का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाएगा।

यह मार्मिक उद्गार युवा संस्कार भारती साध्वी लयस्मिता श्री जी म.सा. ने रविवार को सुराना चैराहा स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में व्यक्त किए। रविवार को धर्मसभा का शुभारंभ मंगल प्रार्थना और नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ हुआ। साध्वी श्री ने बताया कि आगामी ध्वजा



महोत्सव (पाटोत्सव) की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और यह भव्य आयोजन चतुर्विध संघ (साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका) की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया जाएगा।

### विपत्ति स्वयं के कर्मों का फल

प्रवचन में साध्वी ने सुख और दुःख के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि देव, गुरु और धर्म हमें तारने का काम करते हैं। यदि जीवन में कुछ श्मंगलश (अच्छा) हो रहा है, तो वह देव और गुरु का प्रसाद (कृपा) है। लेकिन यदि जीवन में श्अमंगलश हो या विपत्तियां आएं, तो वह किसी और के कारण नहीं, बल्कि स्वयं के कर्मों का उदय है। हमारी हर तकलीफ का कारण हमारे ही कर्म हैं।

आठ कर्मों का गणित समझाया। साध्वी श्री ने जिनशास्त्रों में वर्णित आठ प्रकार के कर्मों (ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अंतराय) की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने समझाया कि कैसे ये कर्म जीव को संसार में बांध कर रखते हैं और इनसे मुक्ति पाकर ही मोक्ष संभव है। प्रवचन के अंत में साध्वी जी ने मंगली सुनाकर सबको आशीर्वाद दिया।

### 14 तक चलेंगे नियमित कार्यक्रम

मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि साध्वी श्री के सानिध्य में 14 जनवरी तक प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम जारी रहेंगे

सुबह 6:30 बजे भक्तांबर पाठ एवं प्रार्थना

सुबह 9:30 बजे प्रवचन (वचन सुधा)

दोपहर 2:00 बजे महिलाओं की धार्मिक चर्चा एवं क्लास

शाम 6:30 बजे बच्चों के लिए संस्कार निर्माण क्लास।